an>

Title: Need to take steps to protect the people rendered homeless due to recurring floods in Ganga and Ghaghra rivers in Ballia Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भरत सिंह **(बलिया) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने ज़ीरो आवर में बोलने का मौका मुझे दिया। बलिया लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत इब्राहिमाबाद नौबरार एक गाँव है जो 50 प्रतिशत से ज्यादा घाघरा नदी के कटान से विलीन हो गया है और उस गाँव के हज़ारों बेघर, गरीब और भूमिहीन लोग सड़कों पर पड़े हुए हैं। वहाँ पर एक साल से काम नहीं हो रहा है। वहाँ 17 करोड़ रुपये धन स्वीकृत है कटान रोकने और दूसरे कार्य के लिए। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि घाघरा के कटान से जो गाँव इब्राहिमाबाद नौबरार, तिलापुर, दतहा, और गंगा के कटान से जमीलपुर, भुसौला, नरदरा, श्रीनगर, गौसपुर, ये तमाम गाँव जो गंगा के कटान से खतरे में हैं, मेरी प्रार्थना है कि उन गाँवों में कटान रोधक कार्य तत्काल चलाए जाएँ और कटान पीड़ित जो लोग विस्थापित हो गए हैं, उनको बसाने के लिए तत्काल ज़मीन दी जाए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:**

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल को श्री भरत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।